भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2718
बुधवार, दिनांक 07 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर पैनलों की स्थापना</u>

2718. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावतः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के सभी राज्यों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू की जा रही है और यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि कई घरों की पक्की छत नहीं है;

(ग) क्या उक्त घरों के मालिक अपने आंगन अथवा खेतों में सौर पैनल लगाने में उक्त योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही है जिसका लक्ष्य एक करोड़ घरों में रूफटॉप सौर संयंत्रों की स्थापना करना है। इस योजना का वित्तीय परिव्यय 75,021 करोड़ रु. है।

(ख) से (ङ): सरकार द्वारा अनुमोदित योजना के प्रावधानों के अनुसार, प्राप्त आवासीय रूफटॉप सौर संयंत्र को केवल छत/छज्जा/बालकनी अथवा ऊँचे ढांचे के सबसे ऊपर ही स्थापित किए जा सकते हैं।

*****